# पीकेवी की जमीन पर एग्रो कन्वेंशन सेंटर

## सीएम की मंजूरी के बाद टेंडर : गडकरी

नागपुर। 28 जुलाई। लोस सेवा

केंद्रीय भूतल परिवहन, राजमार्ग एवं जहाजरानी मंत्री नितिन गडकरी ने आज यहां कहा कि डॉ. पंजाबराव कृषि विश्वविद्यालय (पीकेवी) की अमरावती रोड स्थित जमीन पर बीओटी तत्व पर भव्य एग्रो कन्वेंशन सेंटर साकार करने की योजना बनाई गई है.

तद्‌संबंधी प्रस्ताव भी बनाया गया है. इस पर शीघ्र ही मुख्यमंत्री के साथ बैठक होगी. उनकी मंजूरी के बाद टेंडर निकाले जाएंगे.

गडकरी ने कहा कि अमरावती रोड पर पीकेवी की 43 एकड़ जमीन है. यहां भव्य एग्रो कन्वेंशन सेंटर बनाया जाएगा. इससे यहां सालभर कृषि विषयक कार्यशाला, किसानों के लिए मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जा सकेंगे. साथ ही, यहां फसल संबंधी प्रात्यक्षिक भी देखने को मिलेंगे. यहां खाद-बीज व कृषि संबंधी अन्य उत्पादों/उपकरणों के स्टॉल भी होंगे. यह सेंटर शादी समारोह के लिए भी दिया जा सकेगा. इससे राजस्व भी प्राप्त होता रहेगा. देश का यह अपनी तरह का पहला सेंटर होगा. इसका किसानों को काफी लाभ होगा. इस सेंटर पर पूर्णत: पीकेवी का हक होगा.



गडकरी ने यह भी कहा कि मदर डेयरी के जरिए विदर्भ में रोजाना लगभग तीन लाख लीटर दूध संकलित किया जा रहा है. आगामी समय में इस आंकड़े को 25 लाख लीटर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है. बोंडइल्ली पर काबू पाने के लिए किसानों को योग्य मार्गदर्शन देकर उन्हें प्रशिक्षित करने की आवश्यकता पर भी उन्होंने बल दिया.